प्रेस विज्ञप्ति

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय की छात्राएं युवा वैज्ञानिक पुरस्कार से सम्मानित

पन्तनगर। 17 मार्च 2023। उत्तराखण्ड बायोटेक परिषद, हल्दी द्वारा आयोजित द्वितीय बायोटेक कॉन्कलेव में पीएच.डी. शोध छात्रा मोनिका छिमवाल को ऑक्सीडेशन तालाब तथा डेन्डो रेमेडिएशन प्रणाली का उपयोग कर गन्दे पानी के उपचार सम्बन्धित श्रेष्ठ शोध कार्य के लिए तथा दीक्षा पाण्डे को भी बायोचार द्वारा गन्दे पानी की सफाई के लिए डा. देवकान्त पहाड़ सिंह, (सेन्टर हेड, डीआईबीईआर, डीआरडीओ) तथा डा. संजय कुमार (निदेशक, उत्तराखण्ड बायोटेक परिषद, हल्दी) द्वारा युवा वैज्ञानिक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वर्तमान में मोनिका छिमवाल एवं दीक्षा पाण्डे पन्तनगर विश्वविद्यालय के विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय, पर्यावरण विज्ञान विभाग के प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष डा. आर.के. श्रीवास्तव के अन्तर्गत पीएच.डी. की शोध छात्राएं हैं।




*कॉन्कलेव में मोनिका छिमवाल को युवा वैज्ञानिक पुरस्कार से सम्मानित करते अधिकारी एवं अतिथिगण।*